दिनांक–21.03.2024 समय–2.10 pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

लोकसभा नामांकन

लोकसभा चुनावों के पहले चरण के लिये आज भी नामांकन पत्र दाखिल करने का सिलसिला जारी है। कल पहले दिन 3 उम्मीदवारों ने 6 नामांकन पत्र दाखिल किये है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि नाम निर्देशन प्रक्रिया के पहले दिन लोकसभा संसदीय क्षेत्र सीधी में भाजपा के डॉ. राजेश कुमार मिश्रा सहित 2 उम्मीदवारों ने 5 नामांकन पत्र एवं लोकसभा संसदीय क्षेत्र शहडोल में भाजपा उम्मीदवार हिमाद्री सिंह द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया है। पहले चरण के लिये नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 27 मार्च है। नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च को की जाएगी जबकि प्रत्याशी 30 मार्च तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा।

....

बैंक–31 मार्च

रिज़र्व बैंक ने सभी बैंकों को परामर्श जारी किया है कि वे रविवार, 31 मार्च को अपनी सभी शाखाएँ खुली रखें। यह परामर्श सरकारी प्राप्तियों और भुगतानों से संबंधित सभी बैंकों को 31 मार्च को लेनदेन के लिए खुला रखने के अनुरोध के बाद आया है। जिससे प्राप्तियों और भुगतानों से संबंधित सभी सरकारी लेनदेन का हिसाब–किताब चालू वित्त वर्ष में ही किया जा सके।

....

मतदाता जागरूकता

प्रदेश में विधानसभा चुनावों की तर्ज पर लोकसभा चुनाव मे भी अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रयास किये जा रहे हैं। निर्वाचन आयोग ने 26 जिला की 75 विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता का विशेष अभियान चलाया है। इन सीटों पर पिछली बार 75 प्रतिशत से कम मतदान हुआ था। नर्मदापुरम में सामाजिक न्याय विभाग की ओर से भविष्य विशेष विद्यालय के दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने दिव्यांग मतदाताओं को जागरुक करने रचनात्मक सन्देश दिया। विद्यालय में आयोजित एक प्रतियोगिता में उन्होंने पेंटिग और मिट्टी की ईवीएम मशीन बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। इसी तरह खंडवा जिले में भगोरिया पर्व के दौरान लगने वाले हॉट बाजारों में मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। उज्जैन लोकसभा क्षेत्र में उज्जैन उत्तर और दक्षिण विधानसभा सीटों पर विशेष मतदाता जागरूकता वाहन प्रचार कर रहे हैं।

....

विश्व वानिकी दिवस

आज विश्व वानिकी दिवस है। हर साल दुनिया भर में 21 मार्च को अंतरराष्ट्रीय वन दिवस मनाया जाता है, यह दिन सभी तरह के वनों के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जा रहा है। विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए वन संपदा के संरक्षण की अपील की है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर लिखा हरे-भरे वन, चतुर्दिक हरियाली ही धरा का श्रृंगार हैं, जीवन का आधार हैं। वनों और वन संपदा के संरक्षण से ही प्रकृति की सेवा की जा सकती है। विश्व वानिकी दिवस की आप सभी को हार्दिक बधाई। हमारे मध्यप्रदेश में मां नर्मदा के तट वन संपदा से समृद्ध हैं और हमारे लिए अमूल्य उपहार हैं। आइए, इस पावन अवसर पर हम वनों की रक्षा और वन संपदा के संरक्षण का संकल्प लें।

....

पैराकैनो प्रतियोगित

भोपाल की छोटी झील में 17वीं राष्ट्रीय पैराकैनो चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया, जिसमें मध्य प्रदेश खेल अकादमी के खिलाड़ियों ने तीन स्वर्ण समेत कुल पांच पदक अर्जित कर प्रदेश को गौरवान्वित किया। खेल अकादमी के खिलाड़ी प्राची यादव ने दो स्वर्ण, मनीष कौरव ने एक स्वर्ण और रजनी झा ने एक रजत और एक कांस्य पदक अर्जित किया। साथ ही 18 से 21 अप्रैल 2024 तक आयोजित होने वाली एशियन पैराकेनो चैम्पियनशिप, टोक्यो में अकादमी के तीन पैरा खिलाड़ी प्राची यादव, रजनी झा और मनीष कौरव भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करने जा रहे हैं।

....

रेलवे- होली स्पेशल

रेलवे होली के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए पांच सौ चालीस विशेष रेलगाडियों का परिचालन कर रहा है। रेल मंत्रालय ने बताया कि ये रेलगाडियां

देश के प्रमुख स्थानों तक चलेंगी। दिल्ली से पटना, भागलपुर, मुजफ्फरपुर और सहरसा के अलावा गोरखपुर-मुम्बई, कोलकाता-पुरी, गुवाहाटी-रांची और नई दिल्ली- श्री माता वैष्णोदेवी कटरा विशेष ट्रेन चलाई जा रही है। मंत्रालय ने बताया कि इस बार होली के दौरान पिछले वर्ष के मुकाबले दो सौ उन्नीस रेलगाडियां अधिक चलाई जाएंगी।

....

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

- नर्मदापुरम जिले के विभिन्न उपार्जन केन्द्रों पर 20 मार्च को ही 1079 किसानों ने समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए स्लॉट बुक किए हैं। नर्मदापुरम जिले में गेहूं उपार्जन के लिए अब तक 72 हजार 31 किसानों ने पंजीयन कराया गया है। यह पिछले वर्ष की तुलना में अधिक है।
- बैतूल जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी शुरू होने के साथ ही जिला उपार्जन समिति द्वारा जिले में 50 उपार्जन केन्द्रों पर गेहूं खरीदी की तैयारी पूर्ण कर ली है। बुधवार से गेहूं खरीदी शुरू हो गई है,

....